

Rtn. Francesco Arezzo
RI President 2025-26

UNITE FOR GOOD

# Rotary
## CLUB OF AMBALA
(We Are One)

HUM — Humanity Unites Mankind
RID-3080, Zone-9



Rtn. Ravi Parkash
District Governor 2025-26


Volume : 82/ Sr. No. : 18

Date : 26-3-2026

# AMBALA ROTARIAN
The Fortnightly Bulletin of Rotary Club of Ambala



EDITORS
- Rtn. Subhash Bansal
  bansal.subhash46@gmail.com
- Rtn. Ankur Jain
  jain_ankur82@yahoo.com
- Rtn. Parul Gandhi
  parul_fca@yahoo.com



**President**
Rtn. Dr. Sanjeev Goel
94165 55200
**Secretary**
Rtn. Ankush Gupta
94164 99704
**Treasurer**
Rtn. Puneet Gupta
92156 75671
**President Elect**
Rtn. Dr. Vivek Malhotra
98960 00791
**Immediate Past President**
Rtn. Dinesh Sethi
92552 63672
**Vice President**
Rtn. Ganesh Sabharwal
94160 10878
**Executive Secretary**
Rtn. Neeraj Bansal
**Directors**
PP Rtn. A.D. Gandhi
PP Rtn. Pankaj Gupta
Rtn. Surinder Goyal
Rtn. Varun Chopra
Rtn. Ashok Bhalla
Rtn. Sunil Aggarwal
Rtn. Sandeep S. Chopra
**Sgts-at-arms**
Rtn. Amit Gupta
Rtn. Sandeep Gupta
**Permanent Sp. Invitee**
PP Rtn. Naresh Bhardwaj
PP Rtn. Ajay Mittal
PP Rtn. Ravi Dhawan


## स्वास्थ्य के प्रति सचेत सदस्यों के लिये आवश्यक मीटिंग

उत्तम सुख, निरोगी काया।
दूजा सुख, घर में हो माया।
तीजा सुख, पतिव्रता नारी।
चौथा सुख, सुत आज्ञाकारी।

इस प्रकार दस सुखों का उल्लेख किया गया है। किन्तु इनमें सबसे प्रथम ' निरोगी काया ' वाला सुख ऐसा है जिसके बगैर बाकी नौ सुख महत्वहीन, निरर्थक और कष्टप्रद हो जाते हैं। जिंदगी बोझ लगने लगती है। बहुत से लोग नित्य के रोगों से हताश हो कर आत्महत्या तक भी कर लेते हैं। दवाइयां जहर नज़र आने लगती हैं। बुढ़ापे में स्थिति और चिंताजनक हो जाती है।

ऐसे में कोई चिकित्सक, यदि रोगी का इतिहास, वर्तमान और उसके स्वास्थ्य लाभ की संभावनाओं को समझ कर चिकित्सा - सेवा उपलब्ध कराता है तो वह चिकित्सक निश्चित रूप से सुनने, मिलने और सवाल पूछने तथा जवाब सुनने के लायक होता है।

इस मीटिंग के विद्वान वक्ता, कुशल चिकित्सक एवं डॉ० जयदेव मेमोरियल रोटरी अंबाला हॉस्पिटल में कंसल्टेंट फिज़िशियन के रूप में कार्यरत **डॉक्टर रेशम सिंह** एक योग्य तथा अनुभवी डॉक्टर हैं। जब से अंबाला में आए हैं, मेरे जैसे न जाने कितने परिवारों के



फैमिली डॉक्टर बन कर उन्हें अमूल्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

आप अपनी ओ. पी. डी. में आने वाले रोगी की बात सुन कर उसे समझने की कोशिश करते हैं। उसके शरीर की प्रकृति, आवश्यकता और इच्छा को जान कर ही दवाई लिखते हैं। किसी भी दवाई से हो सकने वाली समस्या यदि मरीज बताता है तो तुरंत उसका विकल्प सुझा देते हैं।

इनका चेहरा तथा बातचीत का ढंग मरीज को राहत प्रदान करता है। उनके इन गुणों के मद्देनजर, इस मीटिंग में उनसे रूबरू होने वाले रोटेरियंस निश्चित रूप से फायदे में रहेंगे, खासतौर पर सीनियर सिटिज़न जिन्हें अपने शरीर की रेगुलर केयर की आवश्यकता हर वक्त रहती है।

**- सुभाष बंसल**

**Programme**

A talk on
**Healthcare of Elderly Citizen by**
**Dr. Resham Singh**
**MBBS DNB (Medicine)**
**Consultant Physician**
**Dr. Jai Dev Memorial Rotary Ambala Hospital .**

**When & Where**

Friday, 27th March, 2026
Time : 6:30 pm
Kumari Rukmani Devi Memorial Hall,
Railway Road, Ambala Cantt.

# अम्बाला एवं उसके आस-पास की जनता के लिए ब्लड सेंटर एक वरदान






सुविख्यात गीता - मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने 17 मार्च, 2026 को डॉक्टर जय देव मेमोरियल रोटरी अंबाला हॉस्पिटल में हाल ही में स्थापित किए गए स्टेट - ऑफ - आर्ट मेडिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित ब्लड सेंटर का उद्‌घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए रोटरी अंबाला कैंसर डिटेक्शन एंड वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉक्टर आशावन्त गुप्ता ने बताया कि इस ब्लड सेंटर का लक्ष्य होगा कि एक आम रोगी को आपात् स्थिति में बिना किसी कठिनाई के उचित दाम पर उसकी आवश्यकतानुसार हर प्रकार का श्रेष्ठ ब्लड मिल सके।

**इस सेंटर की अन्य विशेषताएं :-**


किसी मानवीय भूल या लापरवाही को रोकने के लिए कंप्यूटर द्वारा पूर्ण, सुरक्षित तथा स्वचालित टेस्टिंग, प्राप्त हुए एक व्यक्ति के खून से तीन रोगियों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्त के विभिन्न घटकों को अलग -अलग करने की टेक्नोलॉजी, दुर्लभ किस्म के रक्त को सुरक्षित रखने और स्वेच्छा से रक्त - दान करने वाले समाज - सेवियों के लिए अस्पताल से बाहर गांवों आदि में जा कर रक्त - दान शिविर लगाने की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्य अतिथि स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा - सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए ब्लड सेंटर की स्थापना को रोगियों के लिए एक वरदान बताया। अस्पताल की पूर्व परम्परा और इतिहास के दृष्टिगत उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि इस सुविधा का लाभ उन हजारों रोगियों को मिलेगा जो इस सुविधा के अभाव में वर्णनातीत कठिनाइयां भुगतते थे।

इस अवसर पर ब्लड सेंटर की स्थापना में प्रमुख आर्थिक सहयोग देने वाले अंबाला की सौर ऊर्जा उपकरण बनाने वाली कंपनी 'सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड' के चेयरमैन श्री प्रमोद गर्ग विशिष्ट अतिथि, रोटरी क्लब ऑफ अंबाला के प्रधान डॉक्टर संजीव गोयल, पूर्व प्रधान, श्री पी.सी. जैन, डॉ. के.के. जैन, निदेशक श्री पुनीत गुप्ता, मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट डॉ. विजय बंसल, अन्य सदस्य तथा अस्पताल के चेयरमैन श्री नलिनी कांत गुप्ता भी उपस्थित रहे।

श्री नलिनी कांत जी ने मुख्य अतिथि तथा श्रोताओं से अनुरोध किया कि अस्पताल के विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि की व्यवस्था सरकार या किसी समान लक्ष्य के लिए काम करने वाली गैर - सरकारी संस्था की ओर से हो जाए तो उपयुक्त तथा श्रेष्ठ इलाज प्राप्त करने के लिए महानगरों में धक्के खाने की अंबाला वासियों की मजबूरी को खत्म किया जा सकता है।

**- सुभाष बंसल**



ROTARY & BLOOD BANK SOCIETY RESOURCE CENTRE
Plot No. 4, Dakshin Marg, Sector 37-A, Chandigarh
Ph. .0172-2696057/157/257, 4647737, 9501037379

No. RBBSRC/640
Date : 16/10/25

To

Dr. Sanjeev Goel
Presdient
Rotary Club Of Ambala

Dear Dr. Sanjeev

On behalf of the Blood Centre, I would like to express our gratitude and appreciation for organizing an excellent blood donation camp on 04th October 2025, at Dr. Jai Dev Memorial Rotary Ambala Hospital. A total of 87 blood units were collected.

The commendable efforts made by your organisation shows your interest in participating in the most important social welfare activity voluntary blood donation. This helps blood centre in keeping a ready stock of life saving blood and blood components for patients at all times.

Voluntary blood donors are like angels who help save and sustain lives. We would like to thank all the voluntary blood donors who have given us the opportunity to serve humanity through their donation.

We hope to continue to be associated with you for such activities in the future also.

Yours sincerely,

Dr Roli Agarwal
Blood Transfusion Officer

## पिछली मीटिंग के वक्ता : डॉ. सुशील कंसल ने अपनी जादुगिरी से श्रोताओं को मोहित किया








इस वर्ष के दौरान स्थापित, नई परंपरा के मुताबिक, पिछली मीटिंग में अतिथि वक्ता डॉ० सुशील कंसल ने लीक से हट कर, किंतु वर्तमान के ज्वलंत तथा प्रासंगिक विषय, 'बच्चों के वैवाहिक रिश्ते  तय करने में और विवाहोपरांत सफल तथा प्रसन्न जीवन जीने में आने वाली समस्याओं' के संभावित समाधान पर एक विचारोत्तेजक वार्ता प्रस्तुत की।

डॉ० सुशील कंसल ने अपने कॉलेज - अध्यापन - काल के अनुभव, सामाजिक अध्ययन तथा वैयक्तिक निरीक्षण के बल पर अनेक उपयोगी सुझाव दिए। इससे पहले पूर्व प्रधान रोटे. एम. एस. टंडन ने डॉ. सुशील कंसल का परिचय शेरो- शायरी और हंसी भरे लहज़े में बहुत खूबसूरती से कराया।

संक्षेप में उनका कथन था कि इस समय मां - बाप को अपने बच्चों को इतनी स्वतंत्रता अवश्य देनी चाहिए कि जीवन - साथी का चुनाव करते समय वे एक दूसरे के स्वभाव की अनुकूलता, अपने दायित्वों, परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सामंजस्य बैठाने की क्षमता की जानकारी निसंकोच प्राप्त कर सकें। बच्चों पर अपनी मान्यताओं, विचारों का बोझ डालने से बचें। उदाहरण दे दे कर उन्हों ने बताया कि किस प्रकार ज़रा सी चूक से ' लम्हों ने खता की, सदियों ने सज़ा पाई।'  वाली स्थिति बन जाती है।

डॉ० सुशील कंसल जी ने इस नाजुक विषय को जिस सावधानी, बुद्धिमत्ता, विद्वत्ता और रोचकता से ट्रीट( treat ) किया वह नायाब था। फलस्वरूप मीटिंग निर्धारित समय से एक घंटा ज्यादा चलने के बावजूद एक भी श्रोता न तो बोर हुआ और न हाल से उठ कर बाहर गया।  सम्मोहक वक्ता का श्रोताओं ने खड़े हो कर करतल ध्वनि से अभिनंदन किया तथा एक बार फिर उन्हें मीटिंग में बुलाने की मांग की। मीटिंग में श्रोताओं की भारी उपस्थिति के पीछे प्रधान डॉ. संजीव गोयल तथा उनके सहयोगियों की मेहनत साफ़ नज़र आ रही थी।

**- सुभाष बंसल**

## Obituary



PP Rtn. N.K. Jain, Chairman LABOMED Group, breathed his last on March19th, 2026 at Mumbai. He was a dynamic industrialist, great philanthropist and a staunch supporter of precision, quality and excellence. He brought Ambala Scientific Instruments Manufacturing Industry on world map because of his quality Microscopes.

He joined Rotary Club of Ambala in 1967. Despite, being of a reserved nature, he, very generously, contributed to the Rotary Projects i.e. Pavitradham, Rotary School for Deaf and Rotary Ambala Cancer and General Hospital (now known as Dr. Jai Dev Memorial Rotary Ambala Hospital. He valued time and punctuality, would like to attend the meetings at the scheduled time and for fixed duration.

With his departure, the vacuum, created in the society of Ambala, at large, and Rotary Club of Ambala, in particular, would never the filled.

We feel saddened and convey our condolences to the bereaved family.

**- Editor**

## WHAT ABOUT YOU ?

## Your attention please !
## Club Directory for the year 2025-26

Rotary Club of Ambala is going to print its Members' Directory this year. Project Leaders are Rtn. Rishi Jiwan Gupta and Rtn. Neeraj Bansal. They will be getting in touch with the members for Directory data. Members are requested to coordinate with them and provide complete support.

Members desirous of giving advertisement in the directory can also contact the project team or President Rtn. Dr. Sanjeev Goel.

Tariff for Directory :-

Inner Title Page (2) multicolored : @ 15000-00

Inner page (3) multicolored: @ 10000-00.

**-Rtn. Ankush Gupta, Secretary**

## Happy Birthdays

19 Mar



Rtn. Amarjeet Singh Bindra
9896014450

21 Mar



Rtn. Varun Chopra
9896793632

22 Mar



Rtn. Alok Sood
9812032474

26 Mar



Rtn. Harprakash Sharma
9416021333

## Happy Anniversaries

16 Mar




Rtn. Ajay & Renu Mittal
9896257079

17 Mar



Rtn. Suket & Hema Dhawan
9812001640




Wealthways
"Way to Wealth"

"Wealth is the ability to fully Experience Life
- Henry David Thoreau

WE OFFER... NEED BASED CUSTOMIZED SOLUTIONS

Mutual Funds
Fixed Deposits
Insurance
Real Estate & Estate Planning
Loans
Equity

Wealthyworld Pathways Pvt Ltd
(A Financial Services Firm Led by Certified Financial Planners)
AMFI registered Mutual Fund Distributor
Email: thewealthways@thewealthways.com
Mobile: +91 98551-71997, 98880-03950, 99142-33657, 81465-30003

**F**
**RIDAY**
**RIENDSHIP**
**ELLOWSHIP**
**UN DAY**